Limited, with a view to securing the proper management of such undertakings so as to subserve the interests of the general public by ensuring the continued manufacture and production of electrical equipments which are essential to the needs of the economy of the country and for matters concerned therewith or incidental thereto as passed by the Lok Sabha, be taken into deration."

The morion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): We shall now take lip clause-by-clause consideration of the Bill,

Clauses 2 *to* 31 *and the Schedule were wided to the Bill,*

Clause 1, *the Enacting Formula, the P amble and the Title were added to the Bill.*

SHRI J. VENGAL RAO: Sir, I move:

that the Bill be passed.'

The question was put and the motion was adopted.

THE NATIONAL DAIRY DEVE1. OPMENT BOARD BILL, 1987.

THE MINISTER OF AGRICULTURE {SHRI G. S. DHILLON): Sir, I beg to move:

"That the Bill to declare the institution known as the National Dairy Development Board in the State of Gujarat to be an institution of national importance and to provide for its incorporation and for the vesting in that body corporate of the undertakings of the Indian Dairy Corporation with a view to provide for the administration and the carrying on of the functions to be performed by the body corporate more effectively throughout the country and for matters connected therewith and incidental thereto as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

I would like to apprise the House of the background and importance of the ' Bill. The National Dairy Development Board was set up in 1965 by the Government of India as a registered society with the primary objective of providing technical services to the implementing agencies in building up their dairy products on cooperative lines on the pattern of Kaira District Cooperative Milk Producers Unit Anand, popularly known as the Anand" pattern. The NDDB assists the various States Dairy Cooperative Federations in the preparation of feasi-hility reports and providing technical assistance in the field of production, procurement, processing and marketing of milk. The National Dairy Development Board has been progressively playing a vital role togethe- with the Indian Dairy Corporation, that is IDC which is a com-pany, formed in 1970 to give supportive assistance to the implementation of the Operation Flood programme. Suggestions, recommendations have been made from time to time for the amalgamation of NDDB and IDC for better services. The Central Government had appointed a High-powered Committee in 1984, headed by Shri L. K. Jha, commonly known as the Jha Committee, which recommenced for fcrmation of a new statutory body to perform the functions of both these institutions This body 9 P.M. should have full freedom and flexibility in operation not less than what the NDDB and IDC have enjoyed so far.

To achieve the above objectives it is ptnposed to declare the National Dairy Development Board as an institution of na ional importance and incorporate it as a statutory body. With the enlargement of functions of the NDDB over the years i: is felt that the functions of both the institutions can henceforth be performed by the corporate body and as such it is proposed to vest the undertaking of IDC in the corporate body and dissolve the Indian Dairy Corporation.

The name of National Dairy Development Board is retained for the corporate body so that there may be continuity in reputation and understanding, both in lndia and abroad.

The main features of the Bill are as under:—

(i) NDDB will be declared as an ins-litut.ion of national importance and corporate status conferred on it.

(ii) IDC will be dissolved.

(iii) The assets|liabilities etc. of the NDDB and the IDC will become the assets and liabilities of the new corporate body which will continue to be called National Dairy Development Board.

(iv) The Board will be maraged by a Board of Directors as spelt out in the Bill.

(v) The existing full time officers and other employees will continue in the National Dairy Development Board but the Board can make such orders as may be necessary for restructuring and streamlining the organisational and functional set up of the Board in order to secure utmost efficiency in its functioning as has already been spelt out in the Bill.

(vi) The Mother Dairy, Delhi, shall be a subsidiary unit of the NDDB with separate identity.

(vii) Apart from enabling it to carry on the existing and enlarged functions, provision is being made to enable the Central Governmer' or any-State Government to entrust the NDDB with any activity it considers necessary.

The Bill seeks to achieve the above objectives.

In the light of the above', I commend the Bill for the consideration of the House.

The question was proposed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Shri Jagdambi Prasad Vadav

राष्ट्रीय डेरी विकास परिषद और राष्ट्रीय डेरी निगम के एक बनाने की बात है वहाँ तक किसी को कोई विरोध नहीं होगा लेकिन बनाने के वक्त में भी मैं एक बात जरूर माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि दो समितियों, एक झा समिति और दूसरी लोक लखा समिति ने यह कहा था कि नेशनल डेरी डिवैलपमेंट बोर्ड को आई.डी.सी. में मिला देना चाहिए, अब आई.सी.सी. को उससे मिलाया जा रहा है, इस मिलाने में कुछ प्रक्रिया की कठिनाई है या कुछ मोटिवेटेड रूप है इसका इसलिए थोड़ा सी सफाई यह चाहता हूं और थोड़ी सफाई इसलिए भी चाहिता हूं कि मंत्री जी इसमें एनीमल हसबैंड्री डिपार्टमेंट भी है, डेरी डिवैलपमेंट भी है, इसका क्या होगा ? फिर दूसरी बात इसकी निकल-कर आती है कि इसके जो एम्पलायी हैं, अधिकारी और कर्मचारी तथा तक-नीकी कर्मचारी, उन सब का क्या होगा अभी-अभी आपने मदर डेरी की बात की हैं, अभी हड़ताल भी हुई और सब्सीडियरी कह करके आपने मैं समझता हूं कि उस मैटर को हैंगिंग छोड़ दिया है। आपको पता होगा कि ई.ई.सी. से जो पैसे मिले थे करोड़ों-करोड़ रुपया जो उसके दूध से वितरित हुआ था, उससे आव-श्यकता थी कि मदर डेरी पूरी की पूरी एस्टैब्लिश हो जानी चाहिए थी, वह नहीं हुई । तो यह कुछ प्रश्न हैं और इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि कि इसमें से कोई भी आदमी इन दोनों के समन्वय होने पर बेकार न हो कोई आदमी पीड़ित न हो, कोई आदमी इसके कारण भटक न जाय या उसको प्रोन्नति या उसका ग्रेडेशन में कहीं कोई कठिनाई में न पड़ जाय। इसका ध्यान रखना नितांत आवश्यक है । मैं देखता हूं कि जब यह दोनों अलग-अलग थे तब भी मंत्री जी, एडीशनल सेक्रेटरी का पद, एडीशनल कमीश्नर का पद वर्षों खाली रहा। अगर इस तरह खाली रहेगा तो पता नहीं आप किस तरह से इसको चला लेंगे।

फिर एक बात और, जो अनुभव बताता है, सेंट्रल सिल्क बोर्ड का कार्यालय पहले

[श्री जगदम्ब प्रसाद यादव]

बंबई में था, देशव्यापी उसका कारोबार होता था और सबको उसका लाभ था। लेकिन मिल्क खासकर मलबरी, उसका क्षेत्र मैसूर और बैंगलोर में रहा तो यह कार्यालय भी उठाकर बैंगलोर ले जाया गया। बैंगलोर ले जाने के कारण हम लोग बिहार में टसर के जोन के पड़ते हैं, आसाम मूंगा दुनियां में एकमात्र पैदा करने वाला है, तो वह मूंगा डाईंग स्टेज पर आ गया और जितना लुक आफ्टर होना चाहिए था। नहीं हो रहा है। मुख्यालय की भी एक बहुत बड़ी भूमिका होती है। मैं आनन्द का कोई विरोधी नहीं हूं बल्कि आनन्द का प्रशंसक हूं, जो कारोबार उसने किया है, सचमुच वह देश के लिए एक आदर्श प्रस्थापित किया है। लेकिन उसी आधार पर अगर आनन्द को मुख्यालय बना दिया आपने, तो एक बार संपूर्ण देश के हिसाब से उस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करूंगा कि इस पर थोड़ा चिंतन कीजिए, जिससे संपूर्ण देश को नियंत्रित करने में मुख्यालय अपनी भूमिका ठीक-ठीक निभा सके। यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि आनन्द में सब तरह से अच्छाई होते हुए भी सेण्टर-पाईंट पर नहीं है उसका क्लेवर भी एक प्रांतीय स्तर का है। मैं चाहता हूं कि उसका चरित्र भी, उसकी भूमिका भी राष्ट्रीय स्तर की हो, जो अंतर्राष्ट्रीय जगत का भी प्रतिनिधित्व कर सके। इसलिए मैं इस पर भी आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, मैं आपका ध्यान इसकी कुछ और चीजों पर ले जाऊं, उसके पहले डेयरी जगत में और कृषि जगत में दो व्यक्तियों का उल्लेख अगर न करूं तो मैं समझता हूं कि देश के लिए और काम करने वाले के लिए नहीं होगा। एक तो डा. कुरियन जो स्वयं में एक व्यक्ति नहीं बल्कि बल्कि एक इंस्टीट्यूशन है, और इस इंस्टीटयूशन के नाते उसने जो गुजरात की और गुजरात के साथ देश की सेवा की है, वह मैं समझता हूं कि उसका कोई मुकाबला नहीं है। उसी तरह से डा. एम.एस. स्वामीनाथन् ने कृषि क्षेत्र में बहुत काम किया है। बड़े काम करने वाले का विरोध भी बड़ा रहा है। यह मैं नहीं कहता कि विरोध नहीं रहा है, दोनों का विरोध रहा है मैंने भी जहां-जहां विरोध की आवश्यकता समझी, विरोध किया। लेकिन जो गुण है, उस गुण को भी कहने में कोई कोताही नहीं की, कमी नहीं की। अब डा. कोरियन का एक इंस्टीट्यूशन के नाते प्रशंसा करता हूँ वहीं दो बातों में मुझे एतराज होता है। एक, मैंने उनके सामने भी कहा था, जो आपरेशन-फ्लड नाम रखा है, उचित नहीं है क्योंकि फ्लड हमेशा विनाश का सूचक होता है। दूध का फ्लड विनाश का सूचक न हो बल्कि एक आनंद का सूचक हो, इसके लिए मैंने कहा था कि इसका नामकरण कुछ और कीजिए, जिससे फ्लड का नाम न आए। यहां दूध-घी की नदियां बहती हैं, दूध-घी को बाढ़ नहीं आती है। तो एक मैंने नाम का उनको कहा था। दूसरे, मुझे एतराज है, या तो डा. कोरियन का फिलोसफी आफ मिल्क नहीं है, या अगर फिलोसफी आफ मिल्क है तो वह ठीक नहीं है। उदाहरणस्वरूप मैं आपको कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में दूध की कमी है, हिन्दुस्तान में अच्छी नसल की गाय-भैंसों को कमी है, हिन्दुस्तान में लोगों को, खासकर ग्रामीण अंचल में पौष्टिक आहार के लिए सिवा दूध के दूसरा कुछ नहीं है। क्रीम, मक्खन निकाल कर खाया जाय तब क्या दूध ग्रामीण अंचल का पौष्टिक आहार है? मैंने पूछा कि आप गांवों से एक-एक छटांक ले जा रहे हो, ग्रामीणों क्या होगा? उन्होंने कहा कि पैसा देते हैं। अगर गांव से दूध निकल गया तो वह अंडा, मांस, मछली खरीदकर नहीं खा सकेगा। मैंने इस बारे में कृषि मंत्रालय को भी कई बार कहा है हालांकि गुजरात एक धनी राज्य है, संपन्न लोग हैं, लेकिन जो रिपोर्ट निकली है उसमें यह आया है कि गुजरात में टी० बी० के केस, यक्ष्मा के केस की संख्या बढ़ी है, देश के औसत से। गुजरात में बच्चों की मौत की संख्या भी औसत से अधिक बढ़ी है। इसका कारण मेरी नजर से और

सर्वेक्षण करने वाले की नजर से दूध की कमी है। महोदय, यह जो डेअरी डवलपमेंट है इसमें गांव से दूध उठाने में सारे-के-सारे लोग लगे हुए हैं क्योंकि शहरों में गांव की अपेक्षा लोग दाम अधिक देते हैं। इसलिए सारा दूध गांव से उठकर शहर चला जाता है।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अब समाप्त करें। काफी हो चुका है।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : यह तो ऊंट के मुह में जीरा वाली बात है। अगर नहीं बोलने देते हैं, तो मैं नहीं बोलता। लेकिन जो इन्होंने कहा है, वह तो बोलूं। महोदय मैंने आनंद में भी खेरा डिस्ट्रिक्ट में भी जाकर देखने की कोशिश की और उनको कहा। उन्होंने उसमें दो सुधार किये। एक तो सुबह-शाम दो शीशी बड़ी-बड़ी दुग्ध की निकल जाती हैं और महीने में तीस दुना साठ शीशी दूध तो हर किसान का निकल जाता है। उन्होंने इसमें सुधार किया। दूसरे मैंने देखा कि किसान से तो दूध 2 रुपए लिया जाता है और यदि उसको आवश्यकता पड़ जाय तो उसको 3-4 रुपए के हिसाब से लेना पड़ता है। मैंने पूछा तो जवाब दिया गया कि इनको दूध देंगे तो ये उसे बाजार में बेच देंगे। मैंने कहा कि एक-दो किलो तो बच्चों के लिए ही लग जाएगा और फिर बाजार में वह कैसे बेचेगा। इसीलिए मैं कह रहा हूं कि डा० कुरिअन की जो फिलोसफी है, उसमें सुधार की आवश्यकता है। कई गांव की कमेटियों ने कहा है, सरकारी उपक्रम समिति ने कहा है कि गांव में दूध का कंजप्सन घट गया है। उन्होंने और साफ करते हुए कहा है कि गरीब दूध नहीं पी पाते हैं। इसका सरकार सर्वेक्षण करे और इसकी क्या व्यवस्था हो सकती है, इस पर विचार करे। महोदय, मैं ग्रामीण इलाके से आता हूं। बचपन में हमने देखा है, उस समय दूध से क्रीम निकालकर फेंक दिया जाता था। उसे गरीब-गुरबा ले जाते और उसको खाते थे। आज वह भी नहीं मिल रहा है। गांव में अगर सबेरे कोई मेहमान चला जाय तो उसको चाय के लिए दूध नहीं मिलेगा।

महोदय, दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि कोआपरेटिव सर्वश्रेष्ठ आदर्श है। इसमें किसी को शंका नहीं रही। साम्यवादी देश को भी नहीं लेकिन इसका जो स्ट्रक्चर बना रहे हैं वह लगता है कि कोआपरेटिव आधार पर नहीं बन रहा है। आप बोर्ड की व्याख्या देखिए चेयरमैन, डायरेक्टर कौन बनेगा। पता नहीं। ऐसा लगता है सरकारी नौकर आएंगे। लेकिन वे कितने दिन रहेंगे एक-दो बरस, दस बरस, सौ बरस। आपने कहा कि सरकार चाहे तो फिर नोमिनेट कर सकती है। एक वर्ष में क्या होगा? वह प्रशिक्षित होगा और फिर चला जाएगा। तो कहीं-न-कहीं पर तो इसमें अनिश्चितता होनी ही चाहिए। मैं समझता हूं कि आपने फ्री माइंड होकर इस बिल को ठीक से देखने की कोशिश नहीं की। इस बिल में निदेशक की पूरी-की-पूरी व्याख्या होनी चाहिए थी। उनकी जिम्मेदारी, पावर, लायबेलिटी पूरा विवरण आना चाहिए था। लेकिन जो विवरण आया है, उससे यह बात साफ नहीं होती है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि आप इस पर ठीक से विचार करें क्योंकि यह एक्ट बनेगा, रूल बनेगा तो उसको दोनों के हिसाब से देख लीजिए। मैं इसको, इसलिए कहता हूं कि इनमें 21 प्रतिशत लोग भूमिहीन भाग ले रहे हैं और 66 परसेंट छोटे किसान भाग लेते हैं। 70 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिनके पास मवेशी भी दो या तीन से अधिक नहीं हैं। इसलिए इनका हिसाब कोआपरेटिव आधार पर हो। मैं गुजरात को धन्यवाद देता हूं, लेकिन उसके साथ ही मन में खिन्नता भी पैदा होती है कि हम उसके समान अपने राज्य में नहीं चला पाते हैं। गुजरात के लोग सहकारिता विचार के हैं। इसलिए उनके यहां यह हो पाता है। इसलिए आनंद को सफलता मिलती है।

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

दूसरी बात जो मैं इसमें उपयोगी पाता हूं वह है डेरी का काम । अभी तक डेरी का काम क्या रहा ? उसका काम रहा दूध का संचय और वितरण करना । लेकिन डेरी ने अपना ही डेवलपमेंट किया, दुध का उत्पादन करने वाले पशुओं का डेवलपमेंट नहीं किया । सरकारी उपक्रम समिति ने आलोचना की है कि 140 लाख अवरुण पशु आपका है व 1990 तक आपने संकर गाय देने की बात कही थी लेकिन अभी तक गावों में संकर किस्म की गाय नहीं पहुंची । इसलिए मैं बार बार मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार में कितने गांवों में संकर किस्म की गायें हैं आप बताएं । शहरों में तो कुछ लोगों के पास हैं । इसलिए जब तक संकर किस्म की गायें गांव वालों के पास नही होंगी, दूध का उत्पादन नहीं बढ़ सकेगा ।

उसी तरह से आपने बताया है कि 1969–70 में 216 लाख टन था जो 1986–87 में दूध का उत्पादन बात बढ़ा है। वह 216 लाख टन से 3 लाख 87 हजार टन हो गया है, लेकिन इसकी विश्वसनीयता पर भी समिति के सदस्यों ने शंका प्रकट की है । सारी जगहों में सर्वेक्षण नहीं हुआ तो रिपोर्ट कैसे ठीक आ सकती है ? उसी तरह से आपने उत्पादन के दूसरे लक्ष्य रखे हैं जहां पर बन्त सी जगहों पर पौष्टिक आहार का कार्यक्रम बनाया है और आपके स्वास्थ्य मंत्रालय के विशेषज्ञों ने कहा है कि एक व्यक्ति को 220 ग्राम दूध प्रतिदिन चाहिए लेकिन अभी तक इतना ढिंढोरा पीटने के बाद भी आप 144 ग्राम दूध ही प्रति व्यक्ति को प्रति दिन दे पा रहे हैं जो कि 1990 तक 168 ग्राम होगा । तो दूध की पैदावार हम कितना बढ़ा पा रहे हैं, इसको आप देख लें । मैं जानना चाहता हूं कि आप अच्छी गायें बडी संख्या में लोगों के पास पहुचाने के लिए क्या कर रहे हैं । किन लोगों की बात आप करते हैं जो गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं, जो सभी सीमान्त किसान हैं, बटाईदार हैं मजदूर हैं ,उनके ऊपर उठाने का एक ही उपाय है कि आप उसको अच्छी संकर किस्म की गाय उपलब्ध कराइये । 20 सूत्री कार्यक्रम में, आइ० आर० डी० पी० आदि में गायों का वितरण किया गया, लेकिन उनसे दाम अधिक लिए गये तथा गाय और भैंस उनको अच्छी नहीं दी गई । सचमुच में हम गांवों का यदि उत्थान चाहते हैं तो हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि किसान का सबसिडियरी फाइनेंसिंग करने का रास्ता मवेशी ही हैं । हम लोग गंगाजी के पास रहते हैं और गंगा जी जब हमारी जमीन को बरबाद कर देती है तो हमारे लिए मवेशी के सिवाय दूसरा कोई चारा नहीं है । इसलिए हम चाहते हैं कि आप मवेशियों की ओर ध्यान दें क्योंकि हम जानते हैं कि उनको कैसे पाला जाता है ।

मैं आपसे यह भी निवेदन करूंगा कि डा० क्लार्क अलवारिस ने कहा है कि "सफेद झूठ है श्वेत क्रांति के दावे" । उन्होंने वर्ल्ड बैंक का भी उदाहरण दिया । वह शायद अब सहायता भी नहीं दे रहे हैं । पत्र के कतरने हमने आपको भेजा है, जवाब नहीं मिला है । उसमें इसके कई प्रश्नों का उल्लेख किया हैं । उसमें उल्लेख किया है कि डेरी का सिर्फ एक ही काम नहीं है डेरी के और भी कामों से इसकी जांच पडताल होनी चाहिए । मैं उसमें न जा करके मैंने आपको जो लिखा हैं क्योंकि उसका आपकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला हैं इसलिए मैं चाहता हूं कि आप इसको देख लें हो सके तो इसका जवाब भी हमें प्राप्त करा दें तो अच्छा होगा ।

पशुधन का जो पालन है आज कृषि से अधिक महंगा हो गया है । नेचुरल कैमिटी की बात करें तो अनाज भेज सकते हैं लेकिन पशु के लिए चारा भेजना मुश्किल हो रहा हैं । उनको हटाना शुरू कर दिया है । जिस तरह से अनाज का वितरण साधारण काम नहीं है उसी तरह से मवेशी के चारे का वितरण भी साधारण नहीं है । अनाज और पशु का चारा एक दूसरे पर आश्रित हैं । अनाज वगैरह निकालने के बाद जो

भूसा, डंठल, छिलका वगैरह बच जाती है उन्हें मवेशी खाते हैं । लेकिन आज वह स्थिति बदल गयी हैं । मवेशियों का रखना महंगा हो गया है । मैं समझता हूं किसान को जब तक हम दूध के दाम पर्याप्त नहीं देंगे तब तक न मवेशी को पाला जा सकता हैं और न दूध ही मिल पायेगा । मैं इसलिए कहता हूं कि दूध का दाम जो निश्चित करते हैं वह घी के दाम से और घी का दाम निश्चित करते हैं वनस्पति से, यह तरीका ठीक नहीं है । दूध का दाम आप कृषि जन्य चीजों से अगर आप करेंगे तो यह ठीक हो पायेगा नहीं तो कुछ नहीं होगा । मैं चाहता हूं इसको जरा आप देखें कि डेरी जो सचमुच कृषि से सम्बन्धित है उसको कैसे आप जोड़ सकेंगे ।

डेरी और उद्योग दोनों से मिलकर जो दूध संचय होता है, 11 प्रतिशत होता है और प्रेश्च्युराइज्ड 5 परसेंट होता है । अनेक शहरी लोगों को इस डेरी से लाभ होता है लेकिन गांव वालों का इसमें क्या दोष हैं जो उनको इसका लाभ नहीं मिल रहा । मैं चाहूंगा आप जरा इस पर विचार करें । उपसभाध्यक्ष जी का जो बार-बार आदेश हो रहा है इसलिए मैं इसको लम्बा न ले जाकर अन्त में दो-एक बात पूछना चाहता हूं । इसको कोआपरेटिव, सहकारिता का सर्वश्रेष्ठ आदर्श माडल बनायें इसकी व्यवस्था आप किस आधार पर कर रहे हैं? दूसरे दूध का संचय करें और उसका वितरण करें लेकिन दूध संचय को हम सिर्फ जो शहर वाले हैं उन्हीं के लिए न करें आप जो 75 करोड़ रुपये का बरसों से विदेशी दुग्ध चूर्ण और बटर आयल निशुल्क मंगाते हैं वह किनको पिलाते हैं ? शहरियों को पिलाते हैं । आपने कभी गांव वालों को नहीं दिया। यह सारी व्यवस्था, डेरी डवलपमेंट क्या शहरों के लिए हो रही है ? 80 परसेंट लोग गांव में रहते हैं जिनके लिए आपने कोई दुकान नहीं खोल रखी है । उनके पास इतना पैसा भी नहीं हैं कि वे उस पैसे से दूध भी उठा लें । मुझे याद है 1942 से पहले की बात । युद्ध में अंग्रेजों ने सारा अनाज खरीद लिया और जब आम की गुठली पर जनता आ गयी तो उन आम की गुठलियों को भी उन्होंने खरीद लिया और सड़ा दिया जिसके अभाव में लाखों लोग मरे । यह मत सोचिए कि हमने पैसा दे दिया है गरीब किसानों को वह खरीद लेंगे । मै आपसे कहता हूं कि गांव के गरीब दूध को पी सकें, अपने बच्चों को, बूढ़ों को पिला सकें, गर्भवती महिलाओं को पिला सकें ऐसी व्यवस्था आप डेरी डवलपमेंट के माध्यम से करायें । धन्यवाद ।

श्री विट्ठलभाई मोतीराम पटेल (गुजरात) : उपसभाध्यक्ष महोदय, कृषि मंत्री जी ने विधेयक लाये हैं, इसका मैं पूरा समर्थन करता हूं. इस विधेयक में ऐसा कुछ नहीं है जिससे कोई संशय पैदा हो । श्री जगदम्बी प्रसाद यादव जी ने कुछ सवाल खड़े किये हैं । मैं एक बात कहना चाहता हूं कि आज एक फेशन हो गया है कि अगर कोई कार्पोरेशन बने या किसी संस्था का हैडक्वार्टर बने तो शहरों में ही रहता है । गांवों में जाने के लिए कोई तैयार नहीं है । गुजरात में आनन्द ही एक ऐसी जगह है जहां पर यह डेरी बनी हुई है । आप जानते हैं कि आनन्द एक गांव है । वहां पर इस डेरी की स्थापना की गई है । अगर आप गांव से हटाकर इस प्रकार की संस्थाओं को शहरों में लाएंगे तो यह गांव वालों के साथ अन्याय होगा । मेरा गांव वहां से आठ किलोमीटर की दूरी पर है । आपने कहा कि वहां पर टी०बी० हो जाता है । हमारे यहां तो किसी को टी-बी० नहीं है । किसी इंडस्ट्रियल टाउन में यह बात हो सकती है ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : इस बारे में सर्वेक्षण निकला है उसकी बात मैंने की है । किसी ने उसको कंट्रेक्ट नहीं किया है । यह बात कई बार कही गई है ।

श्री विट्ठलभाई मोतीराम पटेल : आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस डेरी को सबसे पहले आर्शीवाद बाबू राजेन्द्र प्रसाद जी ने दिया था । उनके आर्शीवाद से ही यह संस्था आज इतनी फल-फूल रही है । वे चूंकि बिहार के थे, इसलिए मैं कह रहा हूं ।

[श्री विट्ठलभाई मोती राम पटेल]

हमारे गुजरात में सहकारिता के आधार पर ये संस्थाएं बहुत अच्छा काम कर रही हैं । क्योंकि वहां पर कोई पोलिटिक्स नहीं है, राजनीति नहीं है । उनमें कोई गड़बड़ी नहीं होती है । गड़बड़ी वहां होती है जहां बिजनैस होता है । गुजरात की तरह आप के बिहार में सहकारिता के आधार पर डेरी चलाई जाय तो उससे सबको फायदा होगा । इस डेरी का एक बोर्ड होता है । यह बोर्ड सरकार से पैसा नहीं मांगता है । बोर्ड का अपना फण्ड होता है । अगर यह बोर्ड पैसा मांगे तो सरकार को पैसा देना चाहिए । दूसरी जगहों पर डेरीज को डेवलप करने में यह बोर्ड काफी मदद कर सकता है ।

एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आपने इन दोनों संस्थाओं का मर्जर कर दिया है । मैं यह कहना चाहता हूं कि मर्जर के बाद जो कर्मचारी यहां काम करते हैं उन पर कोई बुरा असर नहीं पड़ना चाहिए, किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए । इस बारे में किसी प्रकार की कोई कम्प्लेन नहीं होनी चाहिए । मैं उम्मीद करता हूं कि आप इस बात की तरफ खास ध्यान देंगे । यह बोर्ड की पावर में भी नहीं है क्योंकि कर्मचारी सेन्ट्रल गवर्नमेंट के अधीन हैं । इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

DR G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra ' Pradesh); Mr. Vice-Chairman, Sir, India is a country of milk and honey. Some of the unimaginative policies have resulted in the cutting of forests. In thai way honey is not there awl the miik production also because of lack of! fodder has come down remarkably. No doubt, the Bill is a good step forward. As the speaker preceding me has stated, children should get milk. Poor mothers also should get milk. That is the priority. If these two sections do not get milk, then the entire milk scheme is a salure. Our per capita consumption of iiilk is one of the lowest; it is 144 gms while it should rise to about 800 to 1000 gins. So also the milk yield of the cow or the buffalo is very low and we must raise it by good breed to give us a yield of 20 kg. per day for 300 days in a year. This is very important and the new Board should consider this aspect.

About cooperatives, unless we give emphasis on our zila parishad3, our pan chayat samitis and village gram pancha-yats, we cannot ensure achievement of our objective. These are the bodies on which gram swaraj rests so also the deve lopment of the village and successful func tioning of our scheme. We have to have elections for these bodies, especially in cooperative societies. Nowdays, the cooperative societies are in the poc kets of certain persons. These must be come democratic institutions- there should be elections and there should be a link age with the rest of our development pro gramme, and only then it will be purpose ful. The single window system which, has been evolved is a very fine method of our development, so also coverage of the remote villages. It is a very impor-lant point because all this governmental tvpe of functioning goes only on the road side; collection process in on the roed side and with our big milk schemes and we feel all these are being implemented. But we have to cover all these remote villages and establishment of collection centres etc., will have to be properly planned, and this is one of the very important things that the new Board will have to look into.

Then coming to loans, it is very important especially to agricultural labour-the women folk of agricultural labour who should be able to get these loans. There also, there sohuld be a method. We have to ensure that there is continuous How of order. Every village should have some grazing ground so that all the cattle can get their feed which is becoming very costly everyday, and it is very necessary to ensure proper supply of fodder to make our programme successful.

Then, there is need to associate veterinary doctors and the department of animal husbandry at every stage. I suggest

in the Board itself one of the Directors should be a specialist and in the various functions of the Board, there should be direct involvement of such persons, especially agricultural universities and veterinary hospitals, and they should be associated with all our schemes.

We are thinking of a Central Bill. I 6itgest, you make it a point to always know the opinion of the States about it. Don't take States for granted. This is a thing which always leads to very unfair results. There may be development in certain areas and there may be no development in other areas. Imbalance will be there, both in production and distribution. And this imbalance will finally become a political imbalance in the entire) setup itself.

About milk products, production of milk powder and its distribution is also one of the very essential things which has to be taken care of, because milk powder can be easily transported and it can be very good nutritious supplement to the children. But all these things will have to be planned to see that all our villages are covered.

About the Chairman and about the functioning of the Committee, 1 feel all these things have to be worked out because as it is, we depend more on the nominations and unless farmers' representatives are associated, and unless they cooperate, it will be difficult. They should find a place in the Board of Directors and We should create such conditions that at every level, the farmers' asociations should be there for the proper functioning of the National Dairy Development Board. It is good that a merger is taking place. The Indian Dairy Corporation is being merged with the National Dairy Development Board and a new corporate body will be there to concentrate and work in the held for the purpose of development of the scheme in all its aspects, in the entire country. At the same time, I would like to suggest that the milk development boards of the States should be associated with the functioning of the Central Board in a very very meaningful

manner. In the general body also, representatives of the State development boards must find a place. Similarly, representatives of the co-operatives. Similarly, representatives of distriit development boards, non-officials, Parliament Members, Legislators, and other elected personnel should aso be associated with this scheme. Sir, I would like to emphasise that one success does not mean success every time. No doubt, Anand has done well, but it has its own limitations. If we are trying to experiment it, if we are trying to take it up as a pilot project in the entire country, there will be lot of problems. This scheme has very huge dimensions. That is why proper understanding and proper thinking should go into the functioning of this Development Board. Thank you.

श्री मीर्जा इर्शादबेग : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक ही मिनट लूंगा । मुझ एक ही बात कहनी है ।

वैसे तो उपसभाध्यक्ष जी, यह एक बड़ा ही अच्छा बिल सदन के सामने लाया गया है और पूरे देश में डरी डवेलपमेंट का और विस्तृत किया जाए, उसके बारे में बड़ी अच्छी एजेशंस आई हैं, लेकिन मुझ आपत्ति जो है वह अब इस स्तर पर तो मैं एक सजेशन दे सकता हूं, लेकिन मैं आपके माध्यम से, मंत्रीजी से, यह कहना चाहूंगा कि राष्ट्रीय डेरी विकास के जो प्रबंध की बात बताई गई है इस विधेयक में, उसमें मेरा यह कहना है कि उसके अध्याय 3 में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड का प्रबन्ध, इसकी धारा (2) में कहा गया है कि :—

(2) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड का निदेशक बोर्ड निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगा, अर्थात् :—

(क) एक अध्यक्ष,

(ख) केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों में से एक निदेशक,

(ग) राज्य सहकारी डेरी परिसंघों के अध्यक्षों में से दो निदेशक,

[श्री मोर्जा इर्शादबेग]

(घ) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के उच्चतम श्रेणी के कार्यपालकों में से तीन से अनधिक पूर्णकालिक निदेशक,

(ङ) एक निदेशक, जो राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड से बाहर का कोई विशेषज्ञ हो ।

मान्यवर, हम यह मानकर के चलते है कि जो ब्यूरोक्रेटिक पैटर्न है, वह भी देशभक्ति है और उनके साथ में देश के विकास के लिए उसमें उनका हमेशा सहकार रहा है, लेकिन इसके बावजूद मैं यह कहना चाहूंगा कि कहीं-कहीं ऐसी भी त्रुटियां पाई गई हैं।

मैं यह समझता हूं कि सम्पूर्णता किसी भी चीज को ब्यूरोक्रेटिक अपनी स्टेट पैटर्न पर नहीं छोड़ देना चाहिए। मैं मांग करता हूं कि राष्ट्रीय जितने भी विकास बोर्ड हमारे बने है, उन तमाम बोर्डों में जनता के प्रतिनिधियों का हमेशा उसके अंदर कहीं न कहीं स्थान होना चाहिए। कितने ही बोर्ड हमने देखे है जिसमें राज्य सभा के भी प्रतिनिधि मौजूद हैं और लोक सभा के भी प्रतिनिधि उसमें मौजूद हैं ।

तो मैं आपके माध्यम से, मंत्री जी को कहना चाहूंगा इस चीज को, कि यह कहीं बाजू में चली गई है और उसमें जनता के प्रतिनिधियों का सीधा कोई हस्तक्षेप नहीं है। मैं समझता हूं कि यह बात लम्बी अवधि के लिए अच्छी नहीं होगी। मेरा एक मांग है कि इसके अंदर जनता के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए, कम से कम राज्य सभा के एक प्रतिनिधि को लें और लोक सभा से दो प्रतिनिधियों को उसके अंदर शामिल करने की मैं जोरदार मांग करता हूं और मेरी इस बात पर शायद पूरा सदन सहमत होगा कि उसके अंदर जनता के प्रतिनिधियों को शामिल करना चाहिए ।

SHRI THANGABAALU (Tamil Nadu): I endorsed the suggestion of Mr. irshadbaig.

SHRI RAMESHWAR THAKUR (Bihar): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the National Dairy Development Board Bill, 1987. Sir, it is a very very comprehensive Bill and therefore it deserves all round support, rather unanimous support from ail Members of this august House. As we all are aware, NDDB was established 15 years back and has a very successful story behind it. It has done a commendable work in the field of production, procurement, processing and marketing of milk.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Mr. Rameshwar Thakur, just five minutes.

SHRI RAMESHWAR THAKUR: The Minister of Parliamentary Affairs said that I could continue for nearly "two to three hours, but now I will take about 15 to 20 minutes and I would like to do justice with this very important Bill.

As we are all very proud of the green revolution in the country before which we were dependent on imported food, similarly, we are all proud of the white revolution that has been brought about in this country and the pride for it goes to the NDDB and its associate IDC. We are all aware of success of the operation flood. I will not go into its detailed story, but as you are aware out of 216 districts, 168 districts are covered by about 50 lakh farmer families who are members of the 49000 cooperatives which are dealing with milk in the country worth about Rs. 900 crores and as Shri Yadav-ji pointed out, 21 per cent of the people engaged are landless, 66 per cent are having less than 4 acres of land. This is something very very commendable success. Therefore, it is but natural that the Government in their wisdom has given due recognition on the basis of the recommendation of the sub-committee headed by Shri L. K. Jha and other experts, that it has been given true status, it is now being established as a statutory corporation by an Act of Parliament. Firstly, NDDB was a society and IDC was a company under the Companies Act. Now it is a statutory corporation. It is a matter of pride. More important is

the declaration of this institution as of national importance. This is the matter which gives the entire story of success of NDDB and IDC. Really, we should pay compliments to both the organisations, particulary its chairman, Dr. Kurian, and all the dedicated and very efficient people and the officers and staff engaged in this successful movement and much more, 1 would say, to the 15 lakh farmers' families who have really contributed to the success of this movement. Therefore, this Bill is a very special Bill and a Bill which is very commendable in all respects.

There are a few aspects of the Bill which I would like to mention, not many of them now. One is about the acceptance as per the recommendations of the Jha conmittee that the freedom and flexibility of operation hitherto availabla with the NDDB authority has been conferred upon this organisation. Secondly, when we have statutory corporations, a large number of limitations are there. Succesi of "his society is a success of the voluntary movement in this country lt is a society and the ofner, we may say, is a charitable company. And therefore, its basic character of flexibility anl freedom has been maintained. This is one o important features which we should take note of. I hope after the corporation is formed in the new shape, it should not give up directly or indirectly its true right of flex'bility of operation. Otherwise it will create more problems. In regard to various definitions about the milk products, now it has been very elaborately defined as well as restructuring and streamlining has also been defined in detail. This is a good feature.

Under section 4, it is named as a body corporate, and then it says that all the undertakings of the Indian Dairy Corporation will merge in it. Shri Yadav mentioned about merging NDDB with IDC. That will not have been proper. That was a company under 'the Companies Act. Now it is a statutory corporation under an Act of Parliament. Therefore this is the correct step. Under section 4 all the issets and movable and immovable property will now stand vestel in the new Corporation. I would like to have only one clarification from the hon. Minister—whether these assets will be transferred to the new Corporation after evaluation or on book value. This is very important because this will form the basis of the assets of the new Corporation.

Secondly, in regard to the management of the National Dairy Development Board, section 8 prescribes: "The general superintendence, direction, control and management of the affairs and business of the National Dairy Development Board shall vest in a Board of Directors which shall exercise all powers and do all acts and things which may be exercised or done by the National Dairy Development Board." About the bureaucratic constitution of the Board, other Members have spoken about it and I would not like to repeat those points. But one aspect I may point out: when we read this section, we have to read it along with section 11. Section 11(1) says about the manner of transacting the business of the Board—here they have not set the powers of the Board which is under section 8—"subject to the provisions of this Act, the Board shall, in the discharge of its functions, act on sound business principles with due regard to public interest" Now the expressions "sound business principle" and "public interest" are important. These have to be adhered to and maintained in the years to come. But what is more important is— and this is where I want to bring out a certain degree of difference which needs consideration—that clause (2) of section 11 says; "Save as otherwise prescribed, the Chairman shall have the powers of general superintendence, direction, control and management of the affairs and business of the National Dairy Development Board". These powers under section 8 are vested in the Board. Here under section 11(2) these are vested in the Chairman. It may be expedited and quite a'[1] right in the present set-up, but it further goes on to say that when the Chairman is away or otherwise, he may authorise the seniormost of the whole-time directors to discharge all or any of his functions for a temporary period. Here it seems that these powers which are the

[Shri Rameshwar Thakur] powers of the Board have been vested in the Chairman and if the Chairman would like to entrust these powers to the sen-iormost whole-time director, then it requires very careful consideration, because all the powers which are the powers of the Board and the Chairman cannot be vested in a whole-time director. So this needs a careful consideration in actual working.

Now the next thing is about the period- There is no tenure defined under section 9 (1) for the Chairman.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : एक क्लेरीफिकेशन इसी के ऊपर और चाहिए कि बोर्ड का पावर फिर चेयरमैन को, फिर किसी निदेशक को, यह तीनों एक सा नहीं हो सकता। लेकिन यहां पर आकर तीनों एक सा हो गया है और एक सा हो जाने के कारण बोर्ड को जो शक्ति है सारे लोगों को मिलकर के, वह शक्ति किसी निदेशक को कैसे, इसका कुछ क्लेरीफिकेशन आप कर दें, जिससे मंत्री जी को भी सुविधा हो **(व्यवधान)**...

श्री रामेश्वर ठाकुर : मैंने क्लेरी-फिकेशन तो कर ही दिया है। मैंने कहा, जो बेसिक पावर सेक्शन 8 में है, वह पावर वेस्टेड रहना ही चाहिए बोर्ड में और बोर्ड उन पावर में से, जिसको ठीक समझे अण्डर सेक्शन 11(2) में वह चेयरमैन को दे। चेयरमैन की जगह जो एक्टिंग चेयरमैन होंगे होल टाइम डायरेक्टर, उनको कुछ समय के लिए, अल्पावधि के लिए वही पावर दिए जाने चाहिएं। यह नितांन्त आवश्यक है। माननीय सदस्य उस पर गौर करेंगे।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI -JAH GESH DESAI): Under the supervision of the Board . . . *(Interruptions).*

SHRI RAMESHWAR THAKUR: This may now be prescribed in the rules and regulations which will be framed under subsequent clauses.

Another thing is about the tenure of Chairman. It has been said, at the pleasure of the Central Government or as the Central Government may decide or determine. I would very much urge that this uncertainty creates problems on many occasions. There should normally be a period of five years as has been the case with other Corporations, and then the Chairman should have a right to resign with three months' notice or he may be given three months' notice to vacate, as has been given in sub-clause (2) of clause 9. But a minimum period should be given. In the case of other Directors also, the period should be a reasonable period, and at least a period; of three years should be given so that there is a certain degree of continuity. Otherwise, it should not be an uncertain period of time. In sub-clause (5) it is said it will be only one year. This also is too short a period, that is, in the case of nominees of the State Federations. 1 think, as provided now it may be one year, but it should be renewed for another year so that there is a certain degree of continuity.

Section 10 is important. It says "... observe such rules of procedure in regard to the transaction of business.. as may be prescribed." Who is going to prescribe? It has not been spelt out whether it will be prescribed by the Government or under rules and regulations framed by the Corporation itself.

The next one is about meetings. It has not been said how many meetings will be held. I think, as per the normal norms, there should be four meetings at least in one year-one meeting every quarter Where the meeting will be held, this may be prescribed by the Chairman. But I think there must be a minimum number of meetings which must be held every year and, I would suggest, according to the accepted practice in other statutory Corporations and Government Corporations, a meeting once every quarter.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JA-GESH DESAI): According to the Company Law also.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : बिजनेस में क्वार्टरली नहीं होगा। इसमें अल्टरनेटिव माह होगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : उनका काम है मिनिमम करो। मीटिंग में जो निर्णय लिए जाएंगे, वह अलग जवाब हुआ। मीटिंग मिनिमम चार।

SHRI RAMESHWAR THAKUR: The next item is in regard to clause 11, that is, manner of transacting business of Board, which I mentioned earlier, and I would urge that this requires due consideration of the Corporation itself. Now, to save time I would like to pass on to some other important clauses.

Clause 14 is in regard to delegation of powers to the management committee. It mentions about the management committee. In a Corporation of this type and according to the pattern as developed in the public sector undertakings also, if it is any specific 6ub-committee, it is all right, but if it is a business committee or management committee, there should be only one management committee and not so many management committees as has been envisaged somewhere. Therefore, I would suggst that, if at all it is necessary, there should be only one management committee and not many management committees. But there may be-many sub-committees for specific purposes.

Caluse 16 is about powers and functions of the Board. Many good and comprehensive clauses have been given here. Only, some of the aspects like holding properties, securing properties, etc., have not been given. These should have been givn. It seems this has been left out.

SHRI G. S. DHILLON: It has been given.

SHRI RAMESHWAR THAKUR: What is the sub-clause in clause 16, Sir?

